कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर
फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्र./ 6098 /न.पा.नि./PMAY-HFA/2023 रायपुर, दिनांक 06/10/2023

//दावा–आपत्ति आमंत्रण सूचना//

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में "मोर मकान–मोर आस" योजना अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक 05/2023 दिनांक 26.07.2023 जारी कर कुल 05 स्थलो के लिए 3320 मकानो का ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 28.08.2023 तक निर्धारित था। जिसमें परियोजनावार निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए हैः–

सं. क्रं.	परियोजना का नाम/परियोजना स्थल / आबंटन हेतू उपलब्ध आवास	प्राप्त आवेदन	पात्र	अपात्र
1	(899) / 435 DUS Anand Singhaniya Daldalseoni/ (145)	140	37	103
2	(899) / 232 DUS Jainam Infra & Kachna Infra Kachna/ (114)	278	64	214
कुल	259	**418**	**101**	**317**

उपरोक्त विज्ञापन अनुसार प्राप्त आवेदन के परीक्षण उपरांत पात्र/अपात्र आवेदको की सूची ऑनलाईन पोर्टल पर दिनांक 12.09.2023 को प्रदर्शित की जानी थी। वर्तमान में उपरोक्त तालिका के सरल क्रमांक 01 एवं 02 की परियोजना हेतु प्राप्त कुल 418 आवेदनो का परीक्षण पूर्ण हो पाया है। शेष परियोजनाओं में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त तालिका के दोनों परियोजनाओं की पात्र/अपात्र आवेदको की सूची दावा–आपत्ति हेतु ऑनलाईन www.nagarnigamraipur.nic.in एवं नगर निगम, रायपुर मुख्यालय के सूचना पटल पर जारी की जा रही है। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त पात्र/अपात्र की सूची में किसी भी प्रकार की दावा–आपत्ति होने पर आवश्यक साक्ष्य दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ 15 दिवस के भीतर **दिनांक 06.10.2023** से **दिनांक 25.10.2023** तक (कार्यालयीन दिवस) कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से सायं 05:30 बजे तक उपस्थित होकर कक्ष क्रमांक 402 में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

नोडल अधिकारी
(PMAY-HFA)
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)